## महत्वपूर्ण एवं खास

### छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव परिणाम तक के लिए "जनदर्शन" स्थगित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने छत्तीसगढ़ में हो रहे विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाला जनदर्शन को आगामी विधानसभा चुनाव परिणाम तक के लिए स्थगित किया है।

### चेकिंग के दौरान पुलिस ने जब्त की लाखों की सोना-चांदी

**कोरबा (आरएनएस)।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध कैश फ्लो रोकने क्शाके लिए एसपी के निर्देश एवं मार्गदर्शन दिए गए थे जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का एवं थाना प्रभारी कोतवाली रूपक शर्मा के मार्गदर्शन एवं चौकी प्रभारी मानिकपुर प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में आज दिनांक 15/10/2023 को वाहन चैकिंग के दौरान पटेल पारा कोरबा निवासी मनोज मैटी पिता कोकिल मैटी के पास गला हुआ सोना और सोने चाँदी के आभूषण बरामद होने पर उक्त सोने चाँदी का बिल न होने पर गला हुआ सोना एवं सोने का आभूषण 34 ग्राम एवं चांदी के आभूषण 1.926 किलोग्राम कुल कीमती रु 306000.00 (तीन लाख छ: हजार) को 102 द प्र स के तहत जप्त किया गया.

### एफ एसटी एवं एसएसटी टीम द्वारा वाहनों की जा रही सघन चेकिंग

**सुकमा (आरएनएस)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस.एस के निर्देशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिले में निर्वाचन व्यय संबंधी मॉनीटरिंग हेतु गठित एसएसटी टीम के द्वारा जिले के कुल 05 चेक पोस्टों में 24 घंटे निरंतर आने-जाने वालों की वाहनों की सघन निगरानी की जा रही है। उल्लेखनीय है विधानसभा आम निर्वाचन को दृष्टिगत जिले के सभी थाना क्षेत्र में एफएसटी एवम् एसएसटी टीम तैनात की गई है। टीम द्वारा नाकाबंदी कर अवैध शराब, गांजा, जुआ सट्टा आदि गतिविधि पाए जाने पर अधिनियम अंतर्गत अधिक से अधिक जप्ती कर वैधानिक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवेश पैकरा ने बताया कि तरह से जिले के विधानसभा क्षेत्र में एसएसटी 15, एफएसटी 06 एवं वीएसटी की 04 टीम भी तैनात की गई है। जिसके द्वारा निरंतर विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर सतत् निगरानी की जा रही है।

### चेकिंग के दौरान, धरसीवा से चोरी हुई ट्रक जेवरा सिरसा से बरामद

**दुर्ग (आरएनएस)।** आगामी विधानसभा चुनाव के तहत सम्पुर्ण जिला एवं पुलिस चौकी जेवरा सिरसा द्वारा लगातार क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग एवं पेट्रोलिंग किया जा रहा था उसी कम में थाना प्रभारी तापेश्वर नेताम के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी चेतन सिंह चन्द्राकर के नेतृत्व में चौकी जेवरा सिरसा द्वारा चौकी क्षेत्र में दिनांक 15/10/2023 को वाहन चेकिंग एवं पेट्रोलिंग किया जा रहा था इसी से भयभीत होकर अज्ञात चोर के द्वारा ग्राम बासीन के अग्रवाल ईटा फैक्ट्री के पास एक वाहन ट्रक क्रमांक 5784 को छोड़ कर भाग गयें। सूचना से वरिष्ठ अधिकारीयो को अवगत कराया गया। ग्राम बासीन के अग्रवाल ईटा फैक्ट्री के सामने ट्रक कमांक 5784 सफेद एवं पीले रंग एक पुरानी इस्तेमाली कीमती 25,00000 / रूपयें को घटना स्थल से धारा 102 जा0फौ0 के तहत जप्त किया गया। जिसके वाहन मालिक का पता तलास करने पर जानकारी प्राप्त हुआ कि चौकी सिलतरा थाना धरसिवा जिला रायपुर में ट्रक क्रमांक 5784 के चोरी का अपराध क्रमांक 474 / 2023 धारा 379 भा0द0वि0 पंजीबद्ध है संबंधित थाना को अग्रीम कार्यवाही हेतु सुचित किया गया।

# जूटमिल पुलिस और फ्लाईंग स्क्वॉड के सघन जांच में 3 कार से बरामद हुआ 15,64,500 रुपए नगद

- वाहन में बैठे व्यक्ति नहीं दे पाए कोई संतोषप्रद जवाब
- चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुरूप जूटमिल पुलिस जब्त की संदिग्ध रकम



रायगढ़। कलेक्टर रायगढ़ कार्तिकेया गोयल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर जिले में प्रवेश करने वाले चेक पोस्ट पर स्थैतिक निगरानी दल (SST Team) प्रवेश करने वाले वाहनों एवं व्यक्तियों की कड़ी निगरानी कर रही है। साथ ही किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई के लिये फ्लाईंग स्क्वॉड (FST) की विभिन्न टीमें सक्रिय है।

वहीं वरिष्ठ पुलि अधीक्षक रायगढ़ के निर्देशन पर सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस टीमें पेट्रोलिंग के माध्यम से विभिन्न चौक चौराहा में वाहनों एवं व्यक्तियों की सघन जांच पड़ताल में लगी हुई है। इसी क्रम में आज दिनांक 16.10.2023 को थाना जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत FST टीम एवं जूटमिल पुलिस की संयुक्त कार्यवाही दौरान छातामुड़ा चौक के पास वाहनों की चेकिंग दौरान ब्रेजा वाहन क्रमांक सीजी 13 ए0एम0 9487 को चेक किया गया कर में सवार नीरज अग्रवाल पिता कृष्ण अग्रवाल 44 साल निवासी सत्तीगुड़ी चौक रायगढ़ के पास रखे बैक को चेक करने पर बैग में 2 लाख 64 हजार 500 रूपये बरामद हुआ। इसी प्रकार सेंट्रो कार क्रमांक CG 04 एम0 टी0 8453 को चेक करने पर कार में सवार बबलू मलिक पिता हबीब मलिक निवासी गौशाला पैजमुडा जिला संबलपुर के पास बैग में 4,00,000 रुपए नगद बरामद हुआ। इसी क्रम में एक और टाटा हैरियर कार सीजी 13 ए0आर0 1594 को चेक करने पर कर में सवार रमेश अग्रवाल पिता वासुदेव अग्रवाल निवासी कोड़ातराई के पास बैग में ₹9,00,000 नगद बरामद हुआ पूछताछ में कैश के संबंध में संबंधित व्यक्तियों के द्वारा कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए और ना ही कोई वैध कागजात प्रस्तुत किया गया। विदित हो कि चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार 50,000 रूपये से अधिक संपत्ति के परिवहन करते समय उचित कागजात प्रस्तुत करना होगा। पुलिस द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन के दृष्टिगत कुल नकद 15,64,500रूपयों की विधिवत जप्ती कार्यवाही कर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगे की कार्यवाही की जा रही है। थाना जूटमिल में सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, एसडीएम गगन शर्मा , सीएसपी अभिनव उपाध्याय एवं थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक राम किंकर यादव द्वारा कार्रवाई की जानकारी मीडिया के साथ साझा किया गया।

## प्रदेश में पहले चरण के लिए दूसरे दिन सात नामांकन पत्र दाखिल




- राजनांदगांव में तीन, डोंगरगांव में दो नामांकन हुए दाखिल

**रायपुर । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन के पहले चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों के लिए आज दूसरे दिन 6 प्रत्याशियों ने कुल 7 नामांकन पत्र दाखिल किये।

राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में 3, डोंगरगांव में 2 तथा भानुप्रतापपुर और डोंगरगढ़ में एक -एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। प्रथम चरण में बस्तर संभाग की 12 निर्वाचन क्षेत्रों सहित राजनांदगाँव, , मोहला -मानपुर -अंबागढ़ चौकी , खैरागढ़- छुईखदान- गंडई तथा कबीरधाम जिलों के 8 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दो चरणों में हो रहे निर्वाचन के पहले चरण की 20 सीटों के लिए 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जाँच की जाएगी तथा प्रत्याशी 23 अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। प्रथम चरण के लिए 7 नवंबर को मतदान होगा जबकि दोनों ही चरणों के लिए मतगणना 3 दिसंबर को होगी। प्रथम चरण में कोंटा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, चित्रकोट, जगदलपुर, बस्तर , नारायणपुर , कोंडागांव ,केशकाल ,कांकेर, भानुप्रतापुर, अंतागढ़, मोहला- मानपुर, खुज्जी, डोंगरगांव, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़, कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा।

## कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान का किया निरीक्षण



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान राज्य के समस्त आसवनी/बॉटलिंग यूनिट, ब्रुअरी, देशी मदिरा भंडारगार, एवं विदेशी मदिरा गोदामों के साथ-साथ देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों की नियमित रूप से जांच एवं मॉनिटरिंग किए जाने का निर्देश निर्वाचन आयोग द्वारा दिया गया है। उक्त निर्देश के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह द्वारा सारंगढ़ एवं रेड़ा स्थित देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मदिरा दुकान में बॉटलिंग, देशी और अंग्रेजी शराब की खपत के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने सीसीटीवी के बारे में पूछा जिस पर उपस्थित सुपरवाइजर एवं स्टाफ ने अद्यतन जानकारी दी। मदिरा की आमद एवं विक्रय स्कैनर द्वारा स्कैन करके होना पाया गया, साथ ही मदिरा दुकान में संग्रहित मदिरा की पेटियों में से कुछ मदिरा की बोतलों का दुकान के स्कैनर से स्कैन करवाने पर स्कैन होना पाया गया एवं सीसीटीवी कैमरा सुचारू रूप से संचालित होना पाया गया। साथ ही समस्त पंजीयन अद्यतन पाई गई एवं मदिरा का विक्रय नगद होना पाया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने साफ सफाई बनाए रखने एवं दीवारों में पेंट करवाने को कहा, साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि लाइटिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें साथ ही मदिरा दुकान का संचालन लाइसेंस शर्तो के अनुसार निर्धारित समय तक ही करें। किसी भी व्यक्ति को निर्धारित मात्रा से अधिक मात्रा में मदिरा का विक्रय ना करें एवं समस्त अभिलेख प्रतिदिन अध्ययन रूप से संधारित करें एवं प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु टोल फ्री नंबर 14405 में तत्काल अवगत कराएं। निरीक्षण के दौरान रायगढ़ जिले के सहायक आयुक्त आबकारी रामकृष्ण मिश्रा एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी नीलिमा दिघ्रस्कर एवं वित्त आबकारी उप निरीक्षक विकास पाल सांडे उपस्थित थे।

## कलेक्टर व एसपी ने स्ट्राँग रूम का किया निरीक्षण

- मतदान सामग्री वितरण और मतगणना के लिए सारी तैयारियां पूरा करने के दिए निर्देश
- सुरक्षा व्यवस्था व वाहनों के पार्किंग के संबंध में दिए निर्देश



**रायगढ़।** आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान सामग्री वितरण और मतगणना की तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर कार्तिकेया गोयल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के साथ केआईटी कॉलेज में तैयार किए जा रहे स्ट्राँग रूम के निरीक्षण में पहुंचे। सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर राजीव पांडेय, एडिशनल एसपी संजय महादेवा, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट सहित जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस दौरान साथ रहे।

कलेक्टर गोयल ने सभी विधानसभा के लिए तैयार किए जा रहे स्ट्राँग रूम का निरीक्षण कर वहां ईवीएम को रखने की व्यवस्था को देखा। इस दौरान स्ट्रॉन्ग रूम के सुरक्षा के संबंध में उन्होंने जानकारी लेते हुए पूरे एरिया को सुरक्षित करने के लिए ठोस बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही परिसर में सभी आवश्यक जगहों पर सीसीटीवी लगाने के लिए निर्देशित किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने पूरे परिसर में मतदान पश्चात ईवीएम की सुरक्षा के लिए जवानों की तैनाती को लेकर दिशा निर्देश दिए। स्ट्रॉन्ग रूम से काउंटिंग रूम तक ईवीएम के मूवमेंट के रूट का भी अधिकारियों ने मुआयना किया। कलेक्टर गोयल ने पूरे परिसर में सभी आवश्यक तैयारियां जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के दिन लोगों की काफी आवाजाही रहेगी। उसके अनुरूप सभी कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो इसके लिए जरूरी इंतजाम समय से पूरे कर लिए जाएं।

कलेक्टर गोयल ने परिसर में विधानसभावार सामग्री वितरण के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तैयारियों की एक विस्तृत रूपरेखा बनाने के लिए संबंधित नोडल अधिकारी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से कहा। साथ परिसर में लोगों के लिए पेयजल, शौचालय, मेडिकल हेल्प सेंटर और कैंटीन व्यवस्था के लिए भी तैयारियां जल्द पूरी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने मतदान दलों के वाहन पार्किंग के संबंध में जानकारी लेते हुए जगह का निरीक्षण किया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को पार्किंग व्यवस्था के साथ वाहनों के सुचारू आवाजाही के लिए सभी जरूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस मौके पर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम गगन शर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## संदेहास्पद लेनदेन पर कड़ी नजर रखने के निर्देश, कलेक्टर ने ली बैंक प्रबंधकों की बैठक

- अंतर्राज्यीय सीमा पर अवैध परिवहन एवं असामाजिक तत्वों पर हो निगरानी
- कलेक्टर गोयल ने आदर्श आचार संहिता में कानून व्यवस्था को लेकर विभागों की ली बैठक



**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन-2023 आचार संहिता लागू होने के बाद आज कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने इनफोर्समेंट एक्शन के संबंध में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मण्डावी, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट उपस्थित रहें।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि स्वतंत्र निष्पक्ष निर्वाचन कराना प्रशासन का उद्देश्य हैं, इसलिए सभी विभागीय अधिकारी शराब की तस्करी, अंतर्राज्जीय सीमा पर असामाजिक तत्वों की घुसपैठ, नगद राशियों की आवाजाही, बिना विधिमान्य, वाउचर एवं बिना जीएसटी भुगतान के सामग्रियों का परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करें। इस दौरान उन्होंने सभी बैंक प्रतिनिधियों से अकाउंट में होने वाले बड़े ट्रांजेक्शन एवं संदेहास्पद लेनेदेन की रिपोर्ट लीड बैंक मैनेजर को देने के निर्देश दिए, ताकि उसकी जांच की जा सके। उन्होंने ट्रांजेक्शन पर इनकम टैक्स को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बैंकों को निर्देशित किया कि प्रत्याशी घोषित होने के पश्चात खाता खुलवाने में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बैंक के कैश वाहनों के बिना रूकावट परिवहन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित क्यूआर जनरेट कर लगवाने के निर्देश दिए। जिसमें सोर्स एवं डेस्टिनेशन जैसे जानकारी उपलब्ध हो। उन्होंने सभी बैकों को इस पर तत्काल कार्य करने हेतु निर्देशित किया।

कलेक्टर गोयल ने अवैध शराब, ड्रग्स, कैश पर संबंधित विभागों को कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी विभाग को अवैध शराब भण्डारण, परिवहन पर सख्ती से कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने जीएसटी को जिले में स्थित गोदाम, वेयर हाउस के सत्यापन एवं सामग्रियों के संदिग्ध भंडारण पर कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने जीआरपी एवं आरपीएफ की संयुक्त टीम बनाकर चेकिंग करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन के सभी सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्डिंग सुनिश्चित करने एवं प्रतिदिन रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय अधिकारियों को ईएसएमएस ऐप की कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई, ताकि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किए गए कार्यवाही को अपडेट कर सके।

बैठक में जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ज्योति सिंह, एसडीएम गगन शर्मा, सीएसपी अभिनव उपाध्याय एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**बेहतर ट्रेनिंग से होगा निर्वाचन कार्य आसान-** कलेक्टर गोयल ने मास्टर ट्रेनर्स की बैठक ली। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर को निर्देशित किया कि बेहतर ट्रेनिंग के फलस्वरूप निर्वाचन का कार्य आसान होता है। लिहाजा सभी मास्टर ट्रेनर पोलिंग टीम की ट्रेनिंग अच्छे से करवाये। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग में सभी की उपस्थिति महत्वपूर्ण है, अत: अनुपस्थित कर्मचारियों की रिपोर्ट भेजी जाए। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि ट्रेनिंग के दौरान पोलिंग टीम की सारी शंकाओं का समाधान किया जाए, ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या न हो।

## लंबे समय से फरार 6 स्थायी वारंटी समेत 17 वारंटियों को पुलिस ने भेजा जेल




**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर फरार वारंटियों के धरपकड़ के अभियान में आज दिनांक 16.10.2023 को विभिन्न थानों में 06 स्थायी वारंटी और 11 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कोर्ट पेश किया गया है। फरार वारंटो पर कार्यवाही के क्रम में थाना खरसिया से 03, छाल से 02 और लैलूंगा से 01 स्थायी वारंटी वहीं थाना कोतवाली और चौकी खरसिया ने 04-04 गिरफ्तारी वारंटी तथा भूदेवपुर, कोतरारोड़ और थाना चक्रधरनगर की ने 01-01 फरार गिरफ्तारर वारंट के वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा वारंटियों के जेल वारंट जारी करने पर वारंटियों को जेल दाखिल किया गया है। इन वारंटियों के विरूद्ध माननीय न्यायालय की ओर से वारंट निर्गत किया गया था। वारंट निर्गत होने के बाद से अभियुक्त फरार चल रहे थे , पुलिस ने मुखबीर लगाकर इन्हें पकड़ा और कोट पेश कर जेल भेजा गया है।

## सी-विजिल एप से कर सकेंगे आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत




**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने में नागरिकों की भागीदारी और जवाबदेही बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन आयोग विधानसभा निर्वाचन-2023 में भी सी-विजिल ( C-ViGil ) मोबाइल एप लेकर आया है। इस एप के जरिए कोई भी व्यक्ति आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन की गतिविधियों या घटनाओं की शिकायत चंद मिनटों में दर्ज करा सकता है। इसके लिए अब उसे निर्वाचन अधिकारी के दफ्तर में आने की जरूरत नहीं होगी। जिले में अब तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतें होने पर समय रहते कार्रवाई की जाएगी। सी-विजिल मोबाइल एप पर शिकायत प्राप्त होते हुए उड़नदस्ता (एफ.एस.टी.) तुरंत मौके पर पहुँच कर ज़रूरी कार्रवाई करेगा।

इस एप के माध्यम से आने वाली हर शिकायत पर 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी। इसमें शिकायतकर्ता शराब, पैसे बांटने या आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत C-VIGIL ऐप पर कर सकते हैं। इसमें शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा। 100 मिनट में शिकायत पर एक्शन होगा। ऐप पर फोटो अपलोड करना होगा। शिकायतकर्ता को यह भी लिखने की जरूरत नहीं होगी कि वह कहां है। यानी इस ऐप के जरिए मतदाता भी चुनाव में निगरानी कर सकते हैं। ऐप के माध्यम से मतदाता फोटो और वीडियो के साथ जहां गड़बड़ी हो रही हो उस स्थान की लोकेशन भी भेज सकते हैं और लिखकर पूरी जानकारी उपलब्ध करवा सकते हैं।

ऐसे काम करता है यह ऐप

यह एप एंड्रॉयड और आईओएस, दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। एंड्रॉयड यूजर इसे गूगल प्ले स्टोर से और एपल यूजर एप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इंस्टॉल करने पर कैमरा, लोकेशन और ऑडियो और फाइल्स एक्सेस करने की अनुमति मांगी जाती है। इसके बाद भाषा चुनने का विकल्प मिलता है जहां आप हिंदी या अंग्रेजी भाषा का चयन कर सकते हैं। इसके बाद आपको फोन नंबर लिखना होगा, जिस पर एक ओटीपी आएगा। ओटीपी दर्ज करने के बाद आपको अपने नाम, पता, राज्य, जिला, विधानसभा क्षेत्र और पिन कोड की जानकारी देनी होगी। ये जानकारियां देने के बाद आपको वेरिफाई पर क्लिक करना होगा। इसके बाद एप का होम पेज खुल जाएगा, जहां आपको फोटो, वीडियो और ऑडियो के विकल्प मिलेंगे। आप जिस भी माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवाना चाहते हैं, वह विकल्प चुन कर आप आयोग को गड़बड़ी की जानकारी पहुंचा सकते हैं।

## वर्चुअल बैठक में एसएसपी ने थाना व चौकी प्रभारियों को डीजे और सायलेंसर पर कार्यवाही बढ़ाने के दिए निर्देश



**रायगढ़।** दिनांक 15/10/2023 की रात्रि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना, चौकी प्रभारी की वर्चुअल बैठक लिया गया। आचार संहिता के प्रभावशील होने के बाद से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिदिन थानों के कार्यवाही की समीक्षा की जा रही है। वर्चुअल मीटिंग में उन्होंने थाना प्रभारियों को बिना अनुमति बज रहे डीजे और मॉडिफाई सायलेंसर पर कार्यवाही पर असंतोष व्यक्त कर कार्यवाही बढाने के निर्देश दिये।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रत्येक अधिकारी व जवान चुनाव ड्यूटी की गंभीरता को समझे और ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही ना बरतें। उन्होंने आने वाले दिनों में पुलिस को चुनाव ड्यूटी और प्रमुख पर्वों की ड्यूटी एक साथ करना बताकर सभी को मेंटली और फिजिकली तौर पर तैयार रहने कहा गया और पुलिसकर्मियों के शत प्रतिशत मतदान के लिये डाक मतपत्र निर्वाचन कार्यालय से जारी कराने अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को सभी लाइसेंसी हथियारों को थाने में शीघ्र जमा करने के निर्देश दिए और समंस/वारंट और लघु प्रतिबंधात्मक कार्यवाही को और बढ़ाए जाने कहा गया। एसएसपी ने थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र के निगरानी गुंडा और सज़ायाफ़्ता को थाना हजिर कर शांतिपूर्वक जीवन यापन करने की समझाइश देने कहा गया तथा व्हीआईपी मूवमेंट के दौरान व्हीआईपी की सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक ना हो इसका विशेष ध्यान रखने कहा गया है।

वर्चुअल बैठक में एडिशनल एसपी संजय महादेवा ने आचार संहिता दौरान चेक पोस्ट व विभिन्न स्थानों पर मादक पदार्थों एवं अन्य संदिग्ध पदार्थ की जप्ती कार्यवाही एवं चुनाव सेल को भेजी जाने वाली जानकारियों के संबंध में प्रभारियों के डाऊट क्लीयर किया गया। वर्चुअल बैठक में सभी राजपत्रित अधिकारीगण एवं थाना, चौकी प्रभारी वर्चुअली जुड़े।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480